# आकाशवाणी केन्द्र शिमला

## 08.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

**नियुक्ति पत्र**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज शिमला में नवनियुक्त 3 सौ 12 कला अध्यापकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कला शिक्षकों को भी पुरानी पैंशन योजना के दायरे में लाएगी। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर छात्र केंद्रित समाचार प्लेटफार्म और स्कूल के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने वाली बेसलाईन रिपोर्ट भी जारी की। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और चिकित्सा शिक्षा विभाग में शैक्षणिक सत्र के बीच सेवा निवृति न करने को लेकर विचार किया जा रहा है ताकि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो। उन्होंने बताया कि वर्ष में दो बार पदोन्नतियां देने के मामले पर भी विचार किया जा रहा है।

**हिमकेयर**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में अब साल में चार बार हिमकेयर कार्ड बनाए जाएंगे। शिमला में आज पत्रकारो से बातचीत में उन्होंने कहा कि हिमकेयर धारकों को पूरा लाभ मिलेगा और मैडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य और चिकित्सा अधीक्षक को भी गरीब लोगों के हिमकेयर कार्ड बनाने की शक्तियां दी गई हैं।

**अग्निहोत्री**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि परिवहन विभाग ने पिछले डेढ़ वर्ष के दौरान राजस्व अर्जन के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान हासिल किया है। उन्होंने बताया कि विभाग ने 16 महीने की अवधि में कुल एक हजार दो सौ 36 करोड़ 53 लाख रुपये का रिकार्ड राजस्व अर्जित किया है। अग्निहोत्री ने कहा कि ये विभाग की पारदर्शी, सुधारात्मक और दक्ष कार्य प्रणाली का प्रमाण है। उपमुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि के लिए विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी है।

**सीएम—कांग्रेस**

प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के नए अध्यक्ष को लेकर कवायद तेज हो गई है और माना जा रहा है कि जल्द ही पार्टी को नया अध्यक्ष मिलेगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उन्होंने आलाकमान से किसी अनुसूचित जाति से संबंध रखने वाले नेता या मंत्रिमंडल

के किसी सदस्य को अध्यक्ष बनाने की सिफारिश की है। उन्होंने कहा कि जो भी पार्टी का नया अध्यक्ष बनेगा वो संगठन की मजबूती के लिए काम करेगा।

## मतदान केंद्र

राज्य निर्वाचन विभाग ने प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों की सूचियां प्रारूप में प्रकाशित कर दी है। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि ज़िला निर्वाचन कार्यालयों, निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलों और उपतहसीलों में जनसाधारण के निरीक्षण के लिए ये सूचियां 13 अगस्त तक उपलब्ध रहेंगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वैबसाईट पर भी ये सूचियां देखी जा सकती हैं।

## दुर्घटना

चंबा जिला के चुराह विधानसभा क्षेत्र के भंजराडू– चनवास– शाहवा मार्ग पर पधरी के समीप कल देर रात एक गाड़ी के गहरी खाई में गिरने से एक ही परिवार के 4 लोगों सहित 6 लोगों की मृत्यु हो गई है। ये सभी भंजराडू के चनवास पंचायत के निवासी थे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने इस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों से अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

———————————————